# GM सरसों की मंज़ूरी पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

## प्रिलिम्स के लिये:

[आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) फसलें](), [शाकनाशी प्रतिरोध](), [बीटी कपास](), [जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC)](), [धारा सरसों हाइब्रिड -11 (DMH -11), 'अर्ली हीरा -2' सरसों,]() [बैसिलस एमाइलोलिकिफेशियंस](),

## मेन्स के लिये:

आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों का महत्त्व, चुनौतियाँ और शमन

[स्रोत: द हिंदू]()

हाल ही में [सर्वोच्च न्यायालय]() (Supreme Court- SC) ने [आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM)]() सरसों की फसलों को पर्यावरण के लिये सशर्त मंज़ूरी देने के केंद्र के फैसले पर विभाजित निर्णय दिया। अब यह मामला **सर्वोच्च न्यायालय की तीन जजों की बेंच को भेजा** जाएगा।

- **आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलें (GM फसलें या बायोटेक फसलें) कृषि में उपयोग किये जाने वाले पौधे हैं,** जिनके DNA को आनुवंशिक इंजीनियरिंग विधियों का उपयोग करके संशोधित किया जाता है।

## GM सरसों पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

- **विभाजित निर्णय के पीछे कारण:**
  - **न्यायमूर्ति नागरत्ना** ने भारत में फसल के प्रभाव और इसके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों पर किसी भी स्वदेशी अध्ययन पर भरोसा किये बिना परियोजना को मंज़ूरी देने के लिये GEAC की आलोचना की तथा सिफारिश करते समय **केवल विदेशी शोध अध्ययनों पर विचार** किया गया।
  - **इसके विपरीत, न्यायमूर्ति करोल ने GM सरसों** के व्यावसायिक विमोचन के लिये GEAC की मंज़ूरी को बरकरार रखा।
  - हालाँकि **दोनों न्यायाधीश बहस के दौरान उठाए गए कुछ बिंदुओं** पर सहमत थे।
    - उन्होंने स्वीकार किया कि GEAC द्वारा लिये गए निर्णयों की न्यायिक समीक्षा स्वीकार्य है तथा केंद्र द्वारा **राष्ट्रीय नीति** के क्रियान्वयन पर विचार करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।
- **राष्ट्रीय नीति हेतु निर्देश:**
  - न्यायाधीशों ने केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को चार महीने के भीतर नियमों के साथ ऐसी नीति तैयार करने को कहा।
  - इस **नीति में अनुसंधान, खेती, व्यापार और वाणिज्य को शामिल किया जाना चाहिये** तथा इसे कृषि विशेषज्ञों, जैव प्रौद्योगिकीविदों, **राज्य सरकारों एवं किसान प्रतिनिधियों सहित हितधारकों के परामर्श से विकसित किया जाना** चाहिये।
- **GEAC की भूमिका:**
  - [जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC)]() ने अक्तूबर 2022 में **ट्रांसजेनिक सरसों हाइब्रिड** [धारा सरसों हाइब्रिड -11 (DMH -11)]() के पर्यावरणीय विमोचन को मंज़ूरी दे दी है।

## GM सरसों क्या है?

- **परिचय:**
  - **धारा सरसों हाइब्रिड-11 (DMH-11)** को भारत में भारतीय सरसों किस्म **'वरुणा' और 'अर्ली हीरा-2' (पूर्वी यूरोपीय किस्म)** के संकरण से विकसित किया गया है।
  - इसमें दो विदेशी जीन ('बार्नेज' और 'बार्स्टार') शामिल हैं, जिन्हें [बैसिलस एमाइलोलिकिफेशियंस]() नामक मृदा जीवाणु से पृथक किया गया है, जो उच्च उपज देने वाली व्यावसायिक सरसों संकर प्रजातियों के प्रजनन को सक्षम बनाते हैं।
  - इसे कृषि के लिये **जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) द्वारा अनुमोदित** किया गया है।
- **विशेषताएँ:**

- इसे **हर्बसाइड टॉलरेंट (HT)** सरसों की किस्मि के रूप में वर्गीकृत कयिा गया है और इसे**वशिष्टि हर्बसाइड्स का सामना करने के लयि इंजीनयिर कयिा गया** है, जो **खरपतवार नयिंत्रण में सहायता** कर सकता है तथा **फसल की उपज बढ़ा सकता** है।

- **महत्त्व:**
  - **तेल उत्पादन और आयात में सरसों का योगदान:** सत्र **2021-22 में** 116.5 लाख टन खाद्य तेलों का उत्पादन करने के बावजूद, **भारत ने 141.93 लाख टन आयात कयिा**, जो एक महत्त्वपूर्ण अंतर को दर्शाता है और **सत्र 2025-26 तक 34 मलियिन टन की मांग अनुमानति** है।
    - सरसों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, जो **भारत के कुल खाद्य तेल उत्पादन का 40%** है।
  - **GM सरसों की संभावति उपज वृद्धि: GM सरसों राष्ट्रीय मानक की तुलना में लगभग 28% की उपज वृद्धि प्रदर्शति करती है और लगभग 37% तक क्षेत्रीय बेंचमार्क को पार करती है, जो वशिष्टि कृषि क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन का संकेत देती है।**
    - **DMH-11 जैसी इसकी किस्मों में उपज को 3-3.5 टन प्रति हेक्टेयर तक बढ़ाने की क्षमता** है।
  - **बेहतर कृषि आदान दक्षता:** GM सरसों पारंपरकि किस्मिों की तुलना में **जल, उर्वरक और कीटनाशकों की कम आवश्यकता** के कारण संसाधन उपयोग को अनुकूलति कर सकती है। यह दक्षता संधारणीय कृषि प्रथाओं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लयि महत्त्वपूर्ण है।
  - **कीमत अस्थरिता में कमी:** GM सरसों के माध्यम से बढ़ा हुआ उत्पादन घरेलू बाज़ार में खाद्य तेल की कीमतों को स्थरि कर सकता है, जसिसे उपभोक्ताओं को लाभ होगा और खाद्य सुरक्षा सुनश्चिति होगी।

## आनुवंशकि/जीन संवर्द्धति (Genetically Modified- GM) फसलें क्या हैं?

- GM फसल ऐसी वनस्पतिहैं जनिके **जीन को** आमतौर पर कसिी **अन्य जीन से आनुवंशकि पदार्थ नर्दिष्टि कर कृत्रमि रूप से संवर्द्धति** कयिा जाता है, ताकि उन्हें नई वशिषताएँ दी जा सकें, जैसे कि **अधकि उपज, शाकनाशी के प्रति सहनशीलता, रोग** या **अनावृष्टि के प्रति प्रतरिोध** या **बेहतर पोषण मूल्य**।
  - इससे पूर्व, भारत ने **केवल एक GM फसल,** बीटी-कपास की व्यावसायकि खेती को मंज़ूरी दी थी, लेकनि जेनेटकि इंजीनयिरगि मूल्यांकन समति (GEAC) ने वाणज्यिकि उपयोग के लयि GM सरसों की सफािरशि की है।
- **बीटी-कपास (भारत में एकमात्र व्यावसायकि रूप से कृषि योग्य GM फसल) के समक्ष आने वाली चुनौतयिाँ:**
  - **कीट प्रतरिोध:** बीटी-कपास के साथ प्राथमकि चुनौती BT टॉक्सनि के लयि कीट प्रतरिोध का उभरना है। कीट नयिंत्रण के एक ही तरीके पर अत्यधकि नरि्भरता ने इस प्रक्रयिा को तेज़ कर दयिा है।
  - **द्वतीयक कीट प्रकोप: बॉलवर्म को प्रभावी ढंग से नयिंत्रति करते हुए,** बीटी-कपास ने **एफडि्स** और **व्हाइटफ्लाइज़** जैसे **शोषक कीटों की संख्या में वृद्धि** की है, जसिसे अतरिक्ति **कीटनाशक अनुप्रयोगों की आवश्यकता बढ़ी** है।
  - **पर्यावरणीय प्रभाव: गैर-लक्ष्यति जीवों,** जैसे कि **लाभकारी कीटों पर** बीटी-कपास के प्रभाव के बारे में चतिाएँ व्यक्त की गई हैं।
  - **आर्थकि नहितिार्थ:** प्रारंभकि उपज लाभ के बावजूद बीटी-कपास के दीर्घकालकि आर्थकि लाभ ववािदास्पद हैं तथा **कुछ अध्ययनों में घटते लाभ का संकेत दयिा गया है।**




//

## जेनेटकि इंजीनयिरगि मूल्यांकन समतिि (GEAC) क्या है?

- जेनेटकि इंजीनयिरगि मूल्यांकन समतिि (GEAC) पर्यावरण, वन और जलवायु परविर्तन मंत्रालय (MoEF&CC) के तहत कार्य करती है। यह पर्यावरणीय दृष्टकिोण से अनुसंधान एवं औद्योगकि उत्पादन में खतरनाक सूक्ष्मजीवों तथा पुनः संयोजकों के बड़े पैमाने पर उपयोग से जुड़ी **गतविधियों के मूल्यांकन हेतु उत्तरदायी है।**
- समतिि प्रायोगकि क्षेत्र परीक्षणों सहति पर्यावरण में **आनुवंशकि रूप से संशोधति (GE)** जीवों और उत्पादों को जारी करने से संबंधति **प्रस्तावों के मूल्यांकन के लयि भी उत्तरदायी है।**
- GEAC की अध्यक्षता **MoEF&CC** के वशिष सचवि/अपर सचवि द्वारा की जाती है और सह-अध्यक्षता **जैवप्रौद्योगकिी वभिाग (DBT)** के एक

प्रतनिधि द्वारा की जाती है।

- वर्तमान में, **इसके 24 सदस्य हैं** और ऊपर बताए गए क्षेत्रों में अनुप्रयोगों की समीक्षा के लिये प्रत्येक माह बैठक होती है।

## GM सरसों से संबंधति चतिाएँ क्या हैं?

- **जैव ववििधिता चतिा: पुष्पन और पराग उत्पादन में परविर्तन के कारण मधुमक्खियों पर संभावति प्रभाव।**
  - इसके परविर्ततति जीन अन्य लाभकारी जीवों जैसे **कीटों, मृदा सूक्ष्मजीवों और वन्य जीवों** को प्रभावति कर सकते हैं तथा लाभकारी कीट आबादी को आकस्मकि क्षतपिहुँचने से कृषकि लिये महत्त्वपूर्ण **पारस्थितिकि संतुलन** को बाधति कर सकते हैं।
- **खाद्य सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चतिाएँ: GM कस्मिों द्वारा सुगम एकल-फसल उत्पादन** से फसल रोगों और जलवायु परविर्तन के प्रभावों के प्रतसिंवेदनशीलता बढ़ सकती है, जसिसे दीर्घकालकि खाद्य सुरक्षा को खतरा हो सकता है।
  - **मानव स्वास्थ्य पर अज्ञात प्रभाव वाले नवीन प्रोटीनों के नरि्माण की संभावना है,** क्योंकGM सरसों में प्रयुक्त जीन मानव आहार का हसि्सा नहीं हैं।
- **नैतकि वचिार: स्व-समाप्त होने वाले बीज** जैसे आनुवंशकि संसाधनों के वस्तुकरण (Commodification) को लेकर नैतकि चतिाएँ हैं और **वशिष पेटेंट व्यवस्था** कृषसिंप्रभुता के लिये नहितिार्थ हैं।
  - GM सरसों के प्रयोग से कसिानों के बीजों के भंडारण और आदान-प्रदान के अधकिार के साथ-साथ **प्रौद्योगकियिों तक समान पहुँच** पर भी प्रश्नचहि्न लग गया है।
- **नयिामक चुनौतयिाँ:** कड़े जैव-सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनश्चिति करने औ**र दीर्घकालकि पर्यावरणीय प्रभावों** की नगिरानी के लिये मज़बूत संस्थागत क्षमता, बुनयिादी ढाँचे तथा नयिामक चुनौतयिों की आवश्यकता होती है।

## आगे की राह

- **अनुकूली प्रबंधन रणनीतयिाँ: गैर-लक्षति जीवों पर GM सरसों के पारस्थितिकिी प्रभावों को समझने के लिये व्यापक अनुसंधान करना और अनुकूली प्रबंधन रणनीतयिों को लागू करना।**
- **खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य:** फसल में शामलि कयि गए **नए प्रोटीन की एलर्जी और वषिाक्तता का जोखमि मूल्यांकन** । खाद्य सुरक्षा पर GM सरसों के प्रभावों की नगिरानी के लिये दीर्घकालकि अध्ययनों में नविश करना, जसिमें फसल रोगों पर इसके प्रभाव शामलि हैं।
  - **उदाहरण के लिये, भारत में बीटी कपास** को सफलतापूर्वक अपनाना।
- **नैतकि वचिार: GM प्रौद्योगकियिों तक समान पहुँच**, जसिमें कसिानों को बीज बचाने और आदान-प्रदान करने का अधकिार शामलि है। ऐसी नीतयिों को लागू करना जो पारंपरकि कृषप्रिथाओं की रक्षा करती हैं और नरि्णय लेने में कसिान स्वायत्तता को बढ़ावा देती हैं।
- **क्षमता नरि्माण:** नयिामकों को प्रशकि्षति करके संस्थागत क्षमता को मज़बूत करना, GM फसलों के परीक्षण के लिये प्रयोगशाला सुवधिाओं को बढ़ाना और डेटा संग्रह एवं वश्लिेषण क्षमताओं में सुधार करना।
  - पारदर्शी नयिामक ढाँचे की स्थापना करना जसिमें सार्वजनकि परामर्श और हतिधारक जुड़ाव शामलि हो।

***[illegible]:***

प्रश्न: आनुवंशकि रूप से संशोधति (GM) सरसों की फसलें कृषउित्पादकता के लिये संभावति लाभ रखती हैं, लेकनि साथ ही महत्त्वपूर्ण चुनौतयिाँ भी प्रस्तुत करती हैं। भारत में GM सरसों को अपनाने से जुड़ी प्रमुख चुनौतयिों पर चर्चा कीजयि। इन चुनौतयिों को कम करने हेतु क्या उपाय कयि जा सकते हैं?

**और पढ़ें :** [बीटी कपास](), [जेनेटकि इंजीनयिरगि मूल्यांकन समतिि(GEAC)]()

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***[illegible]:***

**प्रश्न. कीटों के प्रतरिोध के अतरिक्ति वे कौन-सी संभावनाएँ हैं जनिके लिये आनुवंशकि रूप से रूपांतरति पादपों का नरि्माण कयिा गया है? (2012)**

1. सूखा सहन करने के लिये सक्षम बनाना
2. उत्पाद में पोषकीय मान बढ़ाना
3. अंतरक्षि यानों और अंतरक्षि स्टेशनों में उन्हें उगाने तथा प्रकाश संश्लेषण करने के लिये सक्षम बनाना
4. उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाना

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (c)**

---

## ***?????:***

**प्रश्न . फसल विविधिता के समक्ष वर्तमान चुनौतियाँ क्या हैं? उभरती प्रौद्योगिकियाँ फसल विविधिता के लिये किस प्रकार अवसर प्रदान करती हैं? (2021)**

**प्रश्न . अनुप्रयुक्त जैव प्रौद्योगिकी में शोध और विकास संबंधी उपलब्धियाँ क्या हैं? ये उपलब्धियाँ समाज के निर्धन वर्गों के उत्थान में किस प्रकार सहायक होंगी?(2021)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-verdict-on-gm-mustard-approval